अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/प्रशासन/2020/40 रीवा, दिनांक : 03-06-2020

अधिसूचना

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला रीवा के पत्र क्रमांक 387 रीवा दिनाँक 01 जून 2020 के शासकीय कार्यालय खोले जाने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उपरोक्त आदेश के अनुक्रम में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के विभिन्न विभाग, विभागाध्यक्ष, अधिकारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति एवं 30 से 50 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ प्रारंभ किए जा रहे हैं। अध्यापन कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों के लिए ग्रंथालय की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। प्रशासकीय भवन में विद्यार्थियों/आवेदकों की भौतिक रूप से उपस्थिति पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रथक से अधिसूचना जारी की जाएगी। कोविड–19 वायरस संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए निम्नलिखित मापदण्डों के साथ कार्यालय प्रारंभ किए जा रहे हैं –

1. संबंधित विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी कार्यालय की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त आदेश के परिपालन में 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत उपस्थिति का रोस्टर बनाने हेतु अधिकृत रहेंगे।
2. संबंधित विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी, कार्यालय में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करेंगे। विभाग एवं कार्यालय में नियमित रूप से सैनिटाइजेशन किया जाना सुनिश्चित करेंगे। समस्त शिक्षक /अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय में फेस मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करेंगे।
3. समस्त शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी आरोग्य सेतु एप्लिकेशन का उपयोग सुनिश्चित करेंगे।
4. जो कर्मचारी रोस्टर अनुसार कार्यालय में उपस्थित नहीं होंगे, वह कर्मचारी उस दिन अपने निवास से कार्य संपादित करेंगे एवं विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से दूरभाष/व्हाट्सअप्प के माध्यम से मुख्यालय में रहते हुए संपर्क में रहेंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय, राजभवन भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा मंत्रालय भोपाल।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा सतपुड़ा भवन भोपाल
4. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रीवा।
5. विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी, समस्त शैक्षणिक/प्रशासकीय विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा।
6. पुलिस महानिरीक्षक, रीवा।
7. पुलिस अधीक्षक, रीवा।
8. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, रीवा–शहडोल संभाग, रीवा।
9. प्रभारी कंप्यूटर केंद्र, कृपया अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।
10. माननीय कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सचिव।

3.6.2020

उपकुलसचिव (प्रशासन)

Scanned with CamScanner